
MDU Facebook Page

31-08-2022

**Maharshi Dayanand University Rohtak**

49m ·

रोहतक, 1 सितंबर। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज (एएससी) के तत्वावधान में- जीरो वेस्ट मैनजमेंट विषय पर ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया गया।
आईएचटीएम कांफ्रेंस में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रारंभ में एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के जीरो वेस्ट कैंपस चैलेंज को आगे बढ़ाना था। स्वच्छ भारत मिशन के नगर निगम, रोहतक के कंसल्टेंट अरविन भाटिया ने बतौर की-नोट स्पीकर इस ट्रेनिंग सैशन में वेस्ट मैनजमेंट के तौर-तरीकों बारे जानकारी दी।
एमडीयू के नियमित एवं आउटसोर्स के सैनिटेशन स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मियों, चपड़ासी तथा सफाइकर्मियों के लिए विशेष तौर पर यह ट्रेनिंग सैशन आयोजित किया गया। इस सैशन में विश्वविद्यालय के कर्मियों के अलावा, विश्वविद्यालय के संबद्धित कॉलेज - वैश्य महिला कॉलेज रोहतक, सरस्वती महिला कॉलेज पलवल, जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज सोनीपत, वैश्य आर्य कन्या कॉलेज बहादुरगड, गर्वनमैंट कॉलेज फरीदाबाद, एस.जे.के. कॉलेज कलानौर आदि के कर्मचारियों ने भी इस सैशन में भाग लेकर इसका लाभ उठाया। इस अवसर पर सहायक कोआर्डिनेटर नितिन सिवाच, सुपरवाइजर विकास रोहिला व विरेन्द्र सिंह, एमपीएचडब्ल्यू राजेन्द्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।



दैनिक भास्कर

रोहतक, शुक्रवार, 2 सितंबर, 2022

# एमडीयू में जीरो वेस्ट मैनेजमेंट के तहत सेनिटेशन स्टाफ को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

भास्कर न्यूज़ | रोहतक

एमडीयू के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज (एएससी) के तत्वावधान में जीरो वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर ट्रेनिंग सैशन हुआ। आईएचटीएम कांफ्रेंस में आयोजित इस कार्यक्रम में एएससी के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के जीरो वेस्ट कैंपस चैलेंज को आगे बढ़ाना था। स्वच्छ भारत मिशन के नगर निगम के कंसल्टेंट अरविन भाटिया ने बतौर की-नोट स्पीकर इस ट्रेनिंग सैशन में वेस्ट मैनेजमेंट के तौर-तरीके बताए। इस दौरान सहायक कोऑर्डिनेटर नितिन सिवाच, सुपरवाइजर विकास रोहिल्ला व विरेन्द्र सिंह, उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 2 सितंबर, 2022

# जीरो वेस्ट कैंपस चैलेंज को आगे बढ़ाने का उद्देश्य : डा. सिंह

रोहतक : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज (एएससी) के तत्वावधान में जीरो वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। आइएचटीएम कांफ्रेंस हाल में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रारंभ में एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के जीरो वेस्ट कैंपस चैलेंज को आगे बढ़ाना था। स्वच्छ भारत मिशन के नगर निगम, रोहतक के कंसल्टेंट अरविन भाटिया ने बतौर की-नोट स्पीकर इस ट्रेनिंग सेशन में वेस्ट मैनेजमेंट के तौर-तरीकों बारे जानकारी दी। एमडीयू के नियमित एवं आउटसोर्स के सैनिटेशन स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मियों, चपड़ासी तथा सफाईकर्मियों के लिए विशेष तौर पर यह ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक कोआर्डिनेटर नितिन सिवाच, सुपरवाइजर विकास रोहिला व विरेन्द्र सिंह, एमपीएचडब्ल्यू राजेन्द्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।



मदवि के गणित विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. दलीप सिंह को कार्यभार संभालने पर शुभकामनाएं देते प्रो. कुलताज सिंह (दाएं से दूसरे) डा. विकास सिवाच, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा और प्रो. राजीव व अन्य। ● जागरण।

## एमडीयू ने जारी किया कई परीक्षाओं का परिणाम

रोहतक : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने जुलाई 2022 में आयोजित बीए-पत्रकारिता एवं जनसंचार के दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, पीएचडी कोर्स वर्क-फार्मासुयटिकल साइंसेज के प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, पीएचडी कोर्स वर्क-ला के प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर, एमए-एजुकेशन चौथे सेमेस्टर, बीपीई के दूसरे तथा चौथे सेमेस्टर के फ्रेश व री-अपीयर, डीपीई के दूसरे व चौथे सेमेस्टर के फ्रेश व री-अपीयर, पीजी डिप्लोमा इन रिहैबिलेशन साइकोलोजी के प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर व दूसरे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, एमए-इकोनोमिक्स के चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, पीएचडी कोर्स वर्क-कामर्स, इकोनोमिक्स, कंप्यूटर साइंस, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा, भूगोल, हिन्दी, इतिहास, पत्रकारिता एवं जनसंचार, प्रबंधन, लोक प्रशासन के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमबीए पंच वर्षीय समेकित के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर, बीए-एलएलबी आनर्स पंचवर्षीय के दसवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, पीएचडी कोर्स वर्क-एजुकेशन के प्रथम सेमेस्टर, बीएससी-होम साइंस के दूसरे सेमेस्टर, बी वोक- इंफोर्मेशन टेक्नोलोजी, कैटरिंग टैक्नोलोजी एंड होटल मैनेजमेंट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशियन एंड फिजियो व रिटेल मैनेजमेंट के दूसरे सेमेस्टर तथा बी वोक-साफ्टवेयर डेवलपमेंट के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

**प्रो. दलीप सिंह ने ग्रहण किया विभागाध्यक्ष का कार्यभार:** वहीं मदवि के गणित विभाग में वीरवार को प्रो. दलीप सिंह ने विभागाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने प्रो. दलीप सिंह को कार्यभार सौंपते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा तथा मडूटा प्रधान डा. विकास सिवाच भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। प्रो. दलीप सिंह ने इस अवसर पर उपस्थितजन का आभार जताया और विश्वास दिलाया कि वे पूर्णतः निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे और गणित विभाग के विकास के लिए सभी प्राध्यापकों के साथ मिलकर कार्य करेंगे।


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY
ZERO WASTE CAMPUS CHALLENGE
REPORT as on 30-8-22
Submitted By: Arvin Bhatia(Consultant),
Municipal Corporation, Rohtak


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY
ZERO WASTE CAMPUS CHALLENGE
REPORT as on 30-8-22
Submitted By: Arvin Bhatia(Consultant),
Municipal Corporation, Rohtak
















MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY
ZERO WASTE CAMPUS CHALLENGE
REPORT as on 30-8-22




MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY






MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY
ZERO WASTE CAMPUS CHALLENGE
REPORT as on 30-8-22
Submitted By: Arvin Bhatia(Consultant),
Municipal Corporation, Rohtak




MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY
ZERO WASTE CAMPUS CHALLENGE
REPORT as on 30-8-22
Submitted By: Arvin Bhatia(Consultant),
Municipal Corporation, Rohtak


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY
ZERO WASTE CAMPUS CHALLENGE
REPORT as on 30-8-22
Submitted By: Arvin Bhatia(Consultant),
Municipal Corporation, Rohtak

